# ANNUAL REPORT

## लोकमान्य टिळक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय

महाविद्यालय का विगत सत्र अत्यंत उत्साह वर्धक एवं कार्यक्रमों से भरपूर रहा है। शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों के साथ महाविद्यालय द्वारा विशिष्ट आयोजन भी पूर्ण गरिमा एवं सफलता के साथ सम्पन्न किए गए। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया उच्च शिक्षा विभाग एवं विक्रम विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार । सम्पन्न हुई । गतवर्ष की तुलना में लगभग सौ छात्रों से अधिक संख्या में प्रवेश लिया है ।

**स्थाई सम्बद्धता** – हमारा महाविद्यालय अब विक्रम विश्वविद्यालय से स्थायी रूप से सम्बद्ध हो गया है। विक्रम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के निजी विद्यालयों में एकमात्र हमारा महाविद्यालय है जो म.प्र.शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय के मानदण्डों पर खरा सिद्ध हुआ है । आधारभूत अधोसंरचना (जैसे भवन, प्रयोगशालाऐं, ग्रंथालय, खेल मैदान आदि) शैक्षणिक स्टॉफ, सुविधा आदि का विधिवत निरीक्षण करने के उपरांत निरीक्षण समिति की अनुशंसा के

आधार पर विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद ने हमें स्थायी सम्बद्धता प्रदान की है । उज्जैन शहर के स्थायी सम्बद्धता प्राप्त इस महाविद्यालय की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता को उच्च शिक्षा के अधिकृत संस्थान द्वारा प्रमाणित एवं पुष्ट किया गया है । यह महाविद्यालय परिवार के लिए हर्ष एवं गर्व का विषय है ।

नवीन पाठ्यक्रम – सत्र 2012-13 में महाविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.एवं विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, को एम.कॉम, बी.ए., बी.एच.एस.सी., डी.वाय.एड, विषय के नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था । उसके आधार पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा गठित निरीक्षण समिति की अनुशंसा पर महाविद्यालय को नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की अनुमति प्राप्त हुई है ।

कार्यशाला – महाविद्यालय में शिक्षकों के अभिमुखीकरण की दृष्टि से 'शोध प्रविधि के विविध आयाम' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 28 एवं 29 जनवरी 2013 को किया गया । उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता लोकमान्य टिळक सांस्कृतिक न्यास के सचिव श्रीपाद जोशी ने की, मुख्य अतिथि प्रो.टी.आर.थापक, कुलपति विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन एवं विशिष्ट अतिथि लोकमान्य टिळक न्यास के अधिकारी श्री अशोक सोहनी थे । टी.आर.थापक जी ने कार्यशाला के आयोजन को एक सराहनीय कदम बताया एवं कहा कि अनुसंधान एक अविराम प्रक्रिया है,इसकी शुरूआत तो होती है किन्तु अंत कभी नहीं होता है । शोध के परिणाम सीधे समाज को लाभ पहुँचाने वाले होने चाहिए, जिससे जीवन सरल हो सके एवं जीवन की गुणात्मकता में वृद्धि हो ।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ.प्रेम छाबड़ा, प्राचार्य लोकमान्य टिळक शिक्षा महाविद्यालय उज्जैन ने रिसर्च के महत्व पर, डॉ. एम.एस.परिहार, प्रोफेसर, प्राणिकी अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन ने Problem formulation solution and hypothesis विषय पर, डॉ.राकेश ढण्ड, संकायाध्यक्ष विद्यार्थी कल्याण विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन ने डाटा विषय पर, डॉ.उमेश कुमार सिंह, निदेशक कम्प्यूटर विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन ने डाटा की सुरक्षा विषय पर, डॉ.गोविन्द गंधे, प्राचार्य, लोकमान्य टिळक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय उज्जैन ने संदर्भ एवं ग्रंथ सूचि संदर्भ के सम्बंध में मार्गदर्शन दिया।

पॉवर पाईंट प्रेजेन्टेशन – महाविद्यालय में दिनांक 22.09.2012 को भारत बंद होने के कारण विद्यार्थियों का अनध्याय था । उस दिन प्राध्यापकों द्वारा अपने विषय से सम्बंधित शोध पत्र एवं लेख इत्यादि को पॉवर पाईंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया । सभी स्टॉफ के सदस्यों ने उक्त कार्य की सराहना की तथा यह अनुभव किया कि इस प्रकार के अभ्यास से राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संगाष्ठियों में अपना शोध पत्र एवं आलेख को पॉवर पाईंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुत करने हेतु आत्मविश्वास बढ़ता है ।

**रोजगार प्रशिक्षण एवं कॅरियर गाइडेन्स** – बीमा व्यवसाय में बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए रिलायंस इंश्योरेंस कम्पनी द्वारा अभिकर्ताओं की भर्ती हेतु एक केम्पस ड्राइव का अयोजन किया गया । महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इसमें सहभागिता की तथा लगभग 40 छात्र–छात्राओं ने रिलायंस लाइफ द्वारा भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया । इसके पश्चात चयनित छात्र बीमा व्यवसाय के क्षेत्र में कार्य कर सकेगें।

सत्र 2012-13 में विद्यार्थियों के कॅरियर मार्गदर्शन हेतु व्याख्यान का आयोजन किया गया । इसके अंतर्गत श्री एम.एस.परमार, नगर निगम आयुक्त उज्जैन को व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया । श्री परमार द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवाओं में उपलब्ध विभिन्न

र पर, डॉ.
यनशाला,
formu-
विषय पर,
कल्याण
टा विषय
र विभाग,
रक्षा विषय
क विज्ञान
एवं ग्रंथ

ें दिनांक
कारण
ाध्यापकों
एवं लेख
से प्रस्तुत
कार्य की
प्रकार के
में अपना
टेशन के
ता है ।
– बीमा
रिलायंस
हेतु एक
द्यालय
लगभग
भर्ती
ं छात्र

र्गदर्शन
अंतर्गत
न को
द्वारा
विभिन्न



अवसरों हेतु चयन प्रक्रिया के विषय में मार्गदर्शन दिया गया एवं इससे सम्बंधित छात्र–छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। प्रशासनिक सेवाओं के लिए आवश्यक पात्रता एवं गुणों की जानकारियों से विद्यार्थी लाभान्वित हुए ।

**वेलकम पार्टी (स्वागत समारोह)** – विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को बहुआयामी बनाने के लिए आवश्यक है कि उनमें अकादमिक उपलब्धि के साथ सांस्कृतिक गुणों का भी विकास हो । महाविद्यालय में इसी विचार को ध्यान में रखकर सत्र 2012-13 में वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया । 12 अक्टूबर 2012 को द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा इसे मूर्तरूप प्रदान किया गया । विद्यार्थियों के द्वारा नृत्य, गायन, मिमिक्री, और विभिन्न खेलों में उत्साह पूर्वक प्रस्तुतियाँ दी गई ।

**शिक्षक दिवस** – महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा 5 सितम्बर 2012 को शिक्षक दिवस के आयोजन को सम्पन्न किया गया, जिसमें प्राचार्य द्वारा सरस्वती पूजन कर शिक्षकों का सम्मान किया गया। शिक्षकों के लिये कुछ खेल जैसे – एक मिनिट प्रतियोगिता, चेयर रेस, छात्रों द्वारा आयोजित किये गये । संचालन विद्यार्थियों के द्वारा ही किया गया ।

**युवा उत्सव** – महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में हमेशा से ही उल्लेखनीय योगदान रहा हैं । उन्होंने राज्य ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हैं । इस युवा उत्सव में कुल 12 कलाओं ने छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियाँ दी । इन प्रस्तुतियों में छात्रों को जिला एवं संभाग स्तर पर पुरस्कार प्राप्त हुए ।

**पुरस्कार वितरण एवं स्नेह भोज** – महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन दिनांक 4 अप्रेल 2013 एवं 5 अप्रेल 2013 को किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विक्रम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.बी.एल.बुनकर एवं विक्रम विश्वविद्यालय के महाविद्यालयीन विकास परिषद के निदेशक डॉ.गोपाल उपाध्याय थे । इस अवसर पर विक्रम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.बी.एल.बुनकर ने विद्यार्थियों को देश की आशाओं के रूप में बताया । आपने कहा कि 21वीं सदी में विद्यार्थियों के समक्ष शिक्षा, खेल एवं कॅरियर की अपार संभावनाऐं हैं । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय भोज मुक्त विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ.शरद भाण्ड ने इस अवसर पर युवाओं से अपनी प्रतिभाओं को परिष्कृत करने का आव्हान किया । इस संदर्भ में उन्होंने समय समाधान एवं मार्गदर्शन को जरूरी बताते हुए जीवन में आगे बढ़ने में इनका महत्व बताया । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि लोकमान्य टिळक सांस्कृतिक न्यास के कार्यपालन अधिकारी श्री अशोक सोहनी जी ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री गोविन्द गंधे द्वारा वर्ष भर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया । जिसमें महाविद्यालयीन शैक्षणिक कार्यक्रमों, कॅरियर गाइडेंस, प्राध्यापकों की कार्यशाला, राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय खेल एवं शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी महाविद्यालय की राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेल, युवा उत्सव, एन.सी.सी., एन.एस.एस. तथा शिक्षा के क्षेत्र में विजेता एवं होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया । सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार बी.कॉम. अंतिम वर्ष की छात्रा कु.पूजा गेहलोत तथा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार बी.कॉम. अंतिम वर्ष के छात्र कुंदनसिंह परिहार को दिया गया है।

कार्यक्रम का समापन अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की विदाई साथ हुआ । साथ ही अतिथियों एवं विद्यार्थियों के लिए सहभोज का आयोजन भी किया गया । स्वागत भाषण एवं अतिथि परिचय प्रो.रेखा शहापुरकर द्वारा दिया गया । कार्यक्रम का संचालन प्रो.अमित जैन एवं आभार प्रो.अक्षिता तिवारी ने व्यक्त किया ।

**क्रीड़ा विभाग** – महाविद्यालय द्वारा राज्यस्तरीय जूडो (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमान पारसचन्द्र जैन, माननीय केबिनेट मंत्री, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, म.प्र.शासन थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकमान्य टिळक सांस्कृतिक न्यास के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि श्री श्रीपाद जोशी, कार्यकारी न्यासी, लोकमान्य टिळक सांस्कृतिक न्यास, श्री अशोक सोहनी, कार्यपालन अधिकारी, लोकमान्य टिळक सांस्कृतिक न्यास, डॉ.श्रीमती उषा श्रीवास्तव, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, उज्जैन संभाग उज्जैन थे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी खिलाड़ी अपने–अपने संभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आप आगे चलकर अपने प्रदेश एवं देश का भी नाम गौरवान्वित करें यही शुभकामनाएँ हैं। अध्यक्ष महोदय ने अपने उद् बोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता में जो विजयी होगें वे अपने प्रदेश व देश का नाम रोशन तो करेगें ही परंतु जो असफल होगें वे हताश न हो एवं दुगने उत्साह से पुनः प्रयास करें। प्रतियोगिता में प्रदेश के सात संभाग से पुरूष वर्ग में कुल 43 एवं महिला वर्ग में कुल 47 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। पुरूष वर्ग में भोपाल 'विजेता' एवं इन्दौर 'उपविजेता' रहा तथा महिला वर्ग में भोपाल 'विजेता' एवं जबलपुर 'उपविजेता' रहा। इसके अतिरिक्त जूड़ो, मल्लखम्ब, खो–खो मैं महाविद्यालय संभाग स्तर पर विजय रहा तथा हॉकी में जिला स्तर पर उसे सफलता प्राप्त हुई।

**एन.सी.सी.** – एन.सी.सी. के Combined Annual Training Camp, RDC Camp में छात्रों ने सहभागिता करते हुए स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक प्राप्त किए। एन.सी.सी. की B, C, Certificate परीक्षा में भी छात्र उत्तीर्ण हुए तथा छात्रों को फायरिंग, ड्रिल, गार्ड ऑफ ऑनर, बेस्ट कमांडर,बेस्ट टर्न आउट, बेस्ट पायलट में 9 स्वर्ण पदक प्राप्त हुए। 2 छात्रों का चयन थल सेना एवं नौ सेना में हुआ है।

# लोकमान्य टिळक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन

महाविद्यालय को इस वर्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्रदान की गयी हैं । निरीक्षण समिति द्वारा विधिवत निरीक्षण करन के उपरांत की गयी अनुशंसा के आधार पर महाविद्यालय को यूजीसी एक्ट 1952 की धारा 2(एफ) एंव 12(बी) की सूची में सम्मिलित किया गया है । यूजीसी की मान्यता प्राप्त विक्रम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र का सम्भवतः यह एकमात्र निजी महाविद्यालय हैं । महाविद्यालय को पूर्व में विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा स्थायी सम्बद्धता प्राप्त हो चुकी है ।

शैक्षणिक व शिक्षणेत्तर गतिविधियाँ के साथ महाविद्यालय का विगत सत्र अत्यंत उत्साह वर्धक रहा । सत्र 2013-14 में म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं विक्रम विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार 'ऑन लाइन' प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न हुई । विविध पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों की कुल प्रवेश संख्या 888 रहीं ।

**सेमिनार** - विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समय-समय पर विभिन्न विषयों के सेमिनार आयोजित किये गये -

1. **उद्यमिता** विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. राकेश ढाण्ड ने अपने विचारों को व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि - सफल उद्यमी वहीं व्यक्ति हो सकता है जिसमें रचनात्मकता हो, जो योजना बनाकर उसे क्रियान्वित कर सकें । सफल उद्यमी के लिये साहस और परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता हैं । अतः उद्यमी को आशावादी होने के साथ परिश्रमी भी होना होगा । साथ ही परम्पराओं एवं मान्यताओं की सीमा रेखा को लांघना होगा, तभी सफल उद्यमी बन सकते हैं ।

2. **गणित** विषय पर लोकप्रिय व्याख्यान का आयोजन कि गया । जिसमें शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय के प्रो. व्ही.के गु ने अपने विचारों को व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि - गणित राष्ट्र की की हड्डी के समान है क्योंकि दैनिक जीवन में प्रत्येक व्यक्ति दिन गणितीय अनुप्रयोग करता है किंतु गणित के सिद्धांतों को जानता नहीं । भारत में गणित की एक समृद्ध एवं दीर्घ परम्परा हैं । भारतीय गणित सिद्धांतों को विदेशों में मान्यता मिल रही हैं । हमें भी अपने देश धरोहर को सहेजकर रखना हैं । इस प्रकार गणित के सिद्धांत व्यावहारिक अनुप्रयोगों को समझना ही गणितज्ञ बनाना हैं ।

3. **हिन्दी दिवस** - 29 सितम्बर 2013 को हिंदी पखवाड़े समापन हुआ । समापन के अवसर पर विक्रम वि.वि. के कुलानुशास आचार्य श्री शैलेन्द्र शर्मा को आमंत्रित किया गया । आपने अ व्याख्यान "सूचना प्रौद्योगिकी की हिन्दी हम राही हैं ।" विषय पर अ विचार व्यक्त किये, उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के दो प्रकार है एक सूचना का संचय एवं दूसरा सूचनाओं का ज्ञान हैं । ज्ञान सार्वकालि होता है जबकि सूचना अल्पकालिक होती हैं । इस प्रकार उन्होंने सूच प्रोद्योगिकी के प्रचार - प्रसार में हिंदी भाषा के योगदान को स्पष्ट कि

4. **वेलकम पार्टी ( स्वागत समारोह )** - विद्यार्थियों के व्यक्ति को बहुआयामी बनाने के लिए आवश्यक है कि उनमें अकादमि उपलब्धि के साथ सांस्कृतिक गुणों का भी विकास हो । महाविद्यालय इसी विचार को ध्यान में रखकर सत्र 2013-14 में वेलकम पार्टी आयोजन किया गया । 25 सितम्बर 2013 को द्वितीय व तृतीय वर्ष विद्यार्थियों द्वारा इसे मूर्त रूप प्रदान किया गया । पार्टी में सभी विद्यार्थि विद्यार्थियों ने सहभागिता की और विविध कला का प्रदर्शन किया । विद्यार्थियों

नृत्य, गायन एवं विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक प्रस्तुतियाँ दी गयी।

**शिक्षक दिवस -** महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा 5 सितम्बर 13 को शिक्षक दिवस के आयोजन को सम्पन्न किया गया, जिसमे र्य द्वारा सरस्वती पूजन कर शिक्षकों का सम्मान किया गया । को के लिए कुल खेल जैसे एक मिनिट प्रतियोगिता, चेयर रेस भी द्वारा आयोजित किये गये । संचालन विद्यार्थियों के द्वारा ही किया ।

**युवा उत्सव** - महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का सांस्कृतिक साहित्यिक क्षेत्र में हमेशा से उल्लेखनीय योगदान रहा हैं । उन्होंने ा ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हैं । विद्यालय के आदेशानुसार 23-25 सितम्बर 2013 को युवा उत्सव आयोजन किया गया । तीन दिवसीय युवा उत्सव में 15 प्रतियोगितायें ोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों की सहभागिता प्रशसनीय रही। नेत विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव में विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया । साथ ही विक्रम विश्वविद्यालय के शनुसार 01 अक्टूम्बर 2013 को जिला स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता आयोजन किया गया । इन प्रस्तुतियों में छात्रो को जिला एवं संभाग पर पुरस्कार प्राप्त हुए ।

**एन.एस.एस. -** प्रतिवर्षानुसार रा.से.यो. की नियमित गतिविधियों यन के साथ शुरू हुई । तत्पश्चात नियमित कार्यक्रम सम्पन्न हुए में वृक्षारोपण नियमित स्वच्छता आदि हुए । उल्लेखनी कार्यक्रमों में दान शिविर, पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन आदि विधाये सम्पन्न दिनांक 12 फरवरी से सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम मेंडिया मे सम्पन्न हुआ । शिविर में 50 स्वयंसेवकों ने भागीदारी की । या के दो विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय केम्प के लिये हुआ । स्त कार्यक्रम प्राचार्य महोदय के निर्देशन में सम्पन्न हुए ।

**एन.सी.सी. -** एन.सी.सी. के केडेट्स ने गणतंत्र दिवस परेड तथा में सहभागिता कर फायरिंग, मार्चपास्ट, गार्ड ऑफ ऑनर, ट टर्न आऊट में 8 स्वर्ण पदक तथा 13 रजत पदक प्राप्त किये । तंत्र दिवस परेड हेतु चयनित केम्प में प्रदेश स्तर तक महाविद्यालय के JO नीरज गोठी, SUO अभिषेक जैन, SUO चेतन स्वरूप ोदिया का चयन हुआ । ब तथा स सर्टिफिकेट परीक्षा में 35 विद्यार्थी र्ण हुए । 26 जनवरी संभाग स्तर मार्च पास्ट में महाविद्यालय का SUO भरत वासवानी, SUO देवव्रत दोणाव्रत के नेतृत्व में द्वितीय न पर रहा । 2 छात्रों अमित यादव, राजपालसिंह डोडिया का चयन भारतीय थल सेना में हुआ ।

9. **क्रीडा विभाग -** महाविद्यालय में सत्र 2013-14 में दल के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का जिला, संभाग, राज्य और विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया । खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधितव करते हुए कास्य पदक प्राप्त किये ।

महाविद्यालय के 22 खिलाड़ियों ने जिलास्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया । 06 खिलाड़ियों ने संभागस्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता की। 10 खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया ।

महाविद्यालय स्तर पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कबड्डी, 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़, बैण्डमिंटन, बॉलीवॉल खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

10. **पुरस्कार वितरण एवं स्नेह भोज -** महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन दिनांक 26.02.14 एवं 28.02.14 को किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.जे.एल. कौल थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीयुत श्रीपादजी जोशी ने की । मंच पर कार्यपालन अधिकारी श्री अशोक जी सोहनी भी उपस्थित थे । मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय सभी क्षेत्रों में प्रतियोगिता तथा स्पर्धा का हैं । इसलिए परीक्षा या चुनौतियों से घबराने की बजाय उसका मुकाबला किया जाना चाहिये ।

श्री श्रीपाद जोशी ने कहा कि छात्र की सर्वांगीण उन्नति तभी सम्भव है जब वह पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भी सक्रियता से हिस्सा ले । इस अवसर पर मेघावी छात्रों को तथा क्रीड़ा, एन.एस.एस., एन.सी.सी. एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में विशिष्ट स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया । पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार साक्षी माहेश्वरी, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी स्नेहा शर्मा, सर्वश्रेष्ठ एन.सी.सी. केडेट देवव्रत दोणाव्रत और सर्वश्रेष्ठ एन.एस.एस. स्वयं सेवक राहुल प्रजापत थे ।

द्वितीय दिवस के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राकेश ढण्डजी अध्यक्ष विद्यार्थी कल्याण संकाय वि.वि.उज्जैन थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गोपाल उपाध्याय जी निर्देशक महाविद्यालय विकास परिषद वि.वि.उज्जैन ने की । इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों का वितरण किया गया ।

2014-15



# वार्षिक प्रतिवेदन 2014-15

## लोकमान्य टिळक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय

**महाविद्यालय का विगत सत्र 2014-15 उत्साह वर्धक रहा। म.प्र. शासन उच च शिक्षा विभाग एवं विक्रम विश्वविद्यालय के आदेशानुसार ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया सपन्न हुई । साथ ही MCRPV के पाठयक्रमों में ऑफलाईन प्रवेश भी दिया गया। महाविद्यालय पूर्व से ही यू.जी.सी. नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है तथा विक्रम विश्वविद्यालय स्थाई रूप से सम्बद्ध है।**

**कार्यशाला, संगोष्ठी, व्याख्यान :-** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समय-समय पर विभिन्न विषयों के कार्यशाला, संगोष्ठी, व्याख्यान किये गये।

**1 माईक्रोबायोलॉजी :-** विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के एम्बेसेडर एवं कालिदास शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ हरीश व्यास नोडलअधिकारी थे । इस व्याख्यान के माध्यम से जीवो में पाए जाने वाले सकारात्मक नकारात्मक एवं उदासीन संबंधो की तुलना सामाजिक संबंधों से की गई । पिता-पुत्र, शिक्षक - विद्यार्थी, दोस्त, दोस्त इत्यादि संबंधो का उदाहरण देते हुए इस बात पर जोर दिया गया कि हम सभी के संबंध पर जीवी के समान नहीं अपितु सहजीवी के समान सकारात्मक होने चाहिए। (आयोजन सहयोग : श्रीमती सोनल गोधा सहायक प्रा. माईक्रो बायोलॉजी)

**2 वाणिज्य :-** संकाय के अन्तर्गत उद्यमिता विषय पर विक्रम विश्वविद्यालय के छात्रा कल्याण सकांय के अध्यक्ष डॉ. राकेश ढण्ड द्वारा लोकप्रिय व्याख्यान आयोजित किया गया । आपने छात्रो को स्वंय का उद्यम स्थापित करने के लिये प्रेरित करते हुए कहा है कि जिस व्यक्ति में शक्ति होती है जो क्रियान्वय करने की योग्यता रखता है मान्य परम्पराओं से बाहर आकर कार्य करने का साहस रखता है जो नवीन विचारो को लागू करता है वही सफल उद्यमी बन सकता है । (आयोजन सहयोग : डॉ. केतकी त्रिवेदी सहा. प्रा. वाणिज्य संकाय)

**3. कम्प्यूटर :-** कम्प्यूटर विज्ञान संकाय के अंतर्गत विद्यार्थी की रूचि एवं सृजनात्मकता को ध्यान में रखते हुए उनके लिये रोबोट्रोनिक्स ओर इलेक्ट्रानिक्स विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें रोबोट्रोनिक्स इंजिनियरिंग टेक प्रा.लि. इन्दौर के निर्देशक और विशेषज्ञ श्री भुपेन्द्रसिंह राजपूत द्वारा बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस वर्कशॉप में सर्किट डिजाईन आई.सी. माईक्राप्रोसेसर रोबोट आदि विषयों को विस्तार से समझाया गया और इलेक्ट्रॉनिक्स के कई मॉडल का लाईव डेमो किया गया। विद्यार्थियों में हार्डवेयर, सोफ्टवेयर और रोबोटिक विषय की भी प्रारंभिक जानकारी विशेषज्ञ द्वारा दी गई । (आयोजन सहयोग :- श्रीमती रेखा शहापुरकर, श्री योगेश मिश्रा, श्री शेखर दिसावल (सहा. प्रा. कम्प्यूटर संकाय)

**4. विज्ञान दिवस :-** 28 फरवरी 2015 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान संकाय के सभी विषय जैसे- रसायन शास्त्र, भौतिक, जीव विज्ञान, गणित एवं कम्प्यूटर विषयों के प्रश्नों का समावेश किया गया । इस प्रतियोगिता में पियुष पोरवाल बी.एस.सी षष्ठम सेमिस्टर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ( आयोजन सहयोग : अंजली शाह, शिवप्रिया पारे (सहा. प्रा. विज्ञान संकाय)।

**5. प्रबंधन :-** विषय के अंतर्गत डॉ. धर्मेन्द्र मेहता ने केरियर अपॉचुनिटी मेनेजमेंट पर व्याख्यान दिया। उन्होंने प्रबंध के कई पहलुओं को बताते हुए कहा कि कार्य करते समय टीम वर्क की भावना होनी चाहिये तथा छात्रों को परिवर्तित तकनीको के साथ कार्य करना चाहिये साथ ही क्रिएटिवीटी और थिंकीग को बढ़ाने की ओर जोर दिया। (आयोजन सहयोग : श्री शीतल कुमार शर्मा, श्रीमती ममता पण्ड्या (सहा.प्रा. वाणिज्य संकाय।)

**6. भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा :-** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज, हरिद्वार द्वारा संचालित अन्तराष्ट्रीय भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा दिनांक 11 अक्टुबर 2014 को आयोजित की गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की एवं उन्हें सहभागी प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये । (आयोजन सहयोग : कु. रेखा परमार जया परिहार (सहा. प्रा.)

**7. वेलकम पार्टी (स्वागत समारोह) :-** विद्यार्थियों के व्यक्तित्व

## राष्ट्रीय सेवा योजना - शिविर प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना के नियमित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सात-दिवसीय शिविर रामकृष्ण आश्रम, ग्राम - मेंडिया में दिनांक 12.02.14 से 18.02.14 तक संपन्न हुआ । इस विशेष शिविर का विधिवत शुभारम्भ श्रीपाद जी जोशी, सचिव, लोकमान्य टिळक शिक्षण समिति एवं श्री दिवाकर नातु, अध्यक्ष, सिंहस्थ प्राधिकरण, उज्जैन तथा श्री बी.एल.शर्मा जिला संगठक - रा.से यो उज्जैन के आतिथ्य में हुआ । सभी सम्माननीय अतिथियों ने रा.से.यो. की गतिविधियों से जुड़ने की आवश्यकता तथा सामाजिक परिवेश में रा.से.यो के महत्व पर प्रकाश डाला । प्राचार्य डॉ. गोविंद गंधे जी ने भी व्यक्तित्व विकास तथा रा.से.यो की भूमिका पर अपने विचार रखे । इस सात दिवसीय शिविर में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया । इनमें मुख्यतः मार्गदर्शन सत्र, नेतृत्व प्रशिक्षण सत्र, चर्चा सत्र, योग सत्र, खेलकूद सत्र तथा मनोरंजन एवं सांस्कृतिक सत्र आदि थे । महाविद्यालयीन छात्रों के मार्गदर्शन हेतु विभिन्न विषयों के प्रख्यात हस्ताक्षरों को आमंत्रित किया गया जिन्होंने बहुत ही सरल तथा सारगर्भित तरीके से छात्रों को मार्गदर्शन दिया इन विद्वानों में - डॉ. संगीता पातकर, श्री राकेश ढण्ड श्री अशोक कड़ेल, डॉ. व्यास, श्री शीतल कुमार शर्मा आदि थे । इस गोद ग्राम शिविर उद्देश्यों की पूर्ति हेतु स्वयं सेवको ने ग्राम मेंडिया में जाकर साफ- शिक्षा जागरूकता, साक्षरता, नशा मुक्ति, पर्यावरण आदि कार्यक्रमों सक्रियता से भागीदारी की ।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लघुनाटिका, वाद-विवाद, वक्तृता, मंच जैसी विधाओं को आयोजन किया गया । छात्रों के समग्र विकास ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन प्रथम सत्र योगाभ्यास का प्रशिक्षण अधिकारी श्री नवीन कोरट द्वारा दिया गया । शिविर का समापन 18.02.14 को श्री अशोक जी सोहनी कार्यपालन अधिकारी लो.टि. एवं न्यास एवं श्री प्रशांत पुराणिक जी के आतिथ्य में हुआ । प्राचार्य गोविंद गंधे जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । आप सभी ने छात्रों शिविर समापन के पश्चात भी रा.से.यो गतिविधियों से सतत् जुड़े रहने अनुरोध किया । समग्र शिविर अवधि में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों तथा कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त हुआ ।

को बहुआयामी बनाने के लिये आवश्यक है कि उनमें अकादमिक उपलब्धि के साथ सांस्कृतिक गुणों का भी विकास हो। महाविद्यालय में इस विचार को ध्यान में रखकर सत्र 2014-15 में वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया। 24 सितम्बर 2014 का द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिये इसे मूर्तरुप प्रदान किया गया। सभी विद्यार्थियों ने विविध कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया इसके अंर्तगत नृत्य, गायन, मिमिक्री तथा विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक प्रस्तुतियाँ दी गयी। (आयोजन सहयोग : श्री अमित जैन, श्री प्रभात नातू)।

**8. युवा उत्सव :-** महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा है। उन्होने राज्य ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रर्दशन किया है विश्वविद्यालय के आदेशानुसार 22-23 सितम्बर 2014 को युवा उत्सव का आयोजन किया गया। युवा उत्सव में 15 प्रतियोगितायें आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों की सहभागिता प्रशंसनीय रही। चयनित विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। साथ ही विक्रम विश्वविद्यालय के आदेशनुसार 29 सितम्बर 2014 को जिला स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता एवं 30 सितम्बर 2014 को जिला स्तरीय एकल नृत्य एवं समूह नृत्य का आयोजन किया गया। इन प्रस्तुतियों में छात्रों को जिला एवं संभाग स्तर पर पुरस्कार प्राप्त हुए। (आयोजन सहयोग : डॉ. अनीता अग्रवाल (सहा. प्रा. हिन्दी विभाग)

9. क्रीडा विभाग :- महाविद्यालय में सत्र 2014-15 में दल के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का जिला, संभाग, राज्य और विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया।

महाविद्यालय के 03 खिलाड़ियों ने जिलास्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। 07 खिलाड़ियों ने संभागस्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता की। 14 खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिता में भाग लिया।

संभाग स्तरीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी महाविद्यालय द्वारा किया गया।

अखिल भारतीय स्तर पर विक्रम विश्वविद्यालय दल का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थी के नाम इस प्रकार है-

| | | |
|---|---|---|
| टेबल टेनिस (पु./म.- | | देवांशी, सचिनशाह |
| क्रिकेट (पु.) | - | मयंक गर्ग |
| व्हालीवॉल (पु.) | - | प्रवीण हाड़ा, यशपालसिंह |
| शतरंज (पु.) | - | अमनसिंह बैस |
| बैडमिण्टन (पु.) | - | शेख जाकीर |
| योग | - | सपना शर्मा |
| मलखम्ब | - | सपना शर्मा, श्वेता चौहान, आदित्य |
| बॉडी बिल्डिंग | - | यशपाल सिंह |

( सहयोग आयोजन :श्री सुधीर कुमार सोलंकी, श्रीमती नितिशा तोषनीवाल)

**10. एन.एस.एस. :-** प्रतिवर्षानुसार राष्ट्रीय सेवा योजन की नियमित गतिविधियाँ पंजीयन के साथ शुरु हुई। तत्पश्चात् नियमित कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। दिनांक 9 फरवरी 2015 से सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम ड़ेडिया में सानंद सम्पन्न हुआ। शिविर में स्वयंसेवको ने भागीदारी की। समस्त कार्यक्रम एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. ममता त्रिवेदी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

**11. पुरस्कार वितरण एवं बिदाई समारोह :-** महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन दिनांक 06-04-2015 एवं 07-04-2015 को किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विक्रम विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति श्री एम.एस. हाड़ाजी, अध्यक्षता श्री ओमप्रकाशजी अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि श्री श्रीपादजी जोशी एवं अशोकजी सोहनी के आतिथ्य में सत्पन्न हुआ।

माननीय कुलपति जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा वर्तमान में विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है- अपनी प्रतिभा प्रदर्शन और परिश्रम। परिश्रम से ही विद्यार्थी अपनी मंजिल तक पहुँच सकता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष महोदय ने पुरस्कृत विद्यार्थियों को बधाई दी जिन विद्यार्थियों ने पुरस्कार प्राप्त नहीं किये है वे निराश ने हो बल्कि सच्चें मन से कार्य में प्रवृत्त हो जाये, सफलता अवश्य मिलेगी। विशिष्ट अतिथि ने विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए विजेताओं का अभिनंदन किया।

इसके बाद पुरस्कार वितरण के अंतर्गत' सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों, प्रावीण्य सूची में आये विद्यार्थियों, युवा उत्सव, राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी. एवं खेलकूद की गतिविधियों में विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये गये। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार यशपाल सिंह ठाकुर, सर्वश्रेष्ठ एन.सी.सी.

केडेट्स नीरज गोठी, सर्वश्रेष्ठ एस.एस. स्वयं सेवक राहुल प्रजापत एवं सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को पुरस्कार साधना आहुजा को प्रदान किया गया।

राष्ट्रीय कैडेट कोर 10 म.प्र.बटालियन एन.सी.सी. दो विद्यार्थी नीरज गोठी एवं राघवेन्द्र देवड़ा ने 1 स 29 जनवरी तक नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस शिविर तथा प्रधानमंत्री रैली में रा.के.को . के निदेशालय का प्रतिनिधित्व किया था, उन्हें भी विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार महाविद्यालय की छात्रा कु. तन्वी देवलेकर ने जनवरी 2015 में युनेस्को एवं भारत सरकार के तत्वाधान में प्रायोजित 5 वीं भारतीय छात्र संसद में विक्रम विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था। उसे भी विशेष पुरस्कार दिया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गोविंद गन्धे ने अतिथि परिचय देते हुए कार्यक्रम की योजना रखी और महाविद्यालय की विकास गतिविधियों का परिचय दिया । वर्षभर होने वाली गतिविधियों का प्रतिवेदन का वाचन श्री सुधीर कुमार सोलंकी एवं डॉ. अनीता अग्रवाल के द्वारा किया।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रेखा शहापुरकर ने किया एवं आभार श्री शीतलकुमार शर्मा ने माना।

(आयोजन सहयोग : श्रीमती रेखा शहापुरकर, श्रीमती अक्षिता तिवारी)

**12. एन.सी.सी. :-** महाविद्यालय की एन.सी.सी. विंग में 24 सैनिको की प्लाटून है जिसमें छात्र/छात्राएँ सम्मिलित है। इस वर्ष महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई ने विभिन्न विद्याओं में उत्कृष्ट पदर्शन करने हुए पदक प्राप्त किए जिनकी जानकारी निम्नानुसार है।- 1 सितम्बर 2014 को स्वतंत्रता दिवस परेड़ जो कि दिल्ली में आयोजित होती है। इसके प्रथम केम्प की शुरुआत हुई जिनमें विद्यालय के दो छात्र सैनिक SUO नीरज गोठी तथा UO राघवेन्द्र सिंह देवड़ा का चयन हुआ। चयन का क्रम 1 सितम्बर 2014 से प्रारंभ होकर अंतिम चयन 29 दिसम्बर 2014 तक लगातार आयोजित केम्प में हुआ। कठोर परिश्रम और एक लक्ष्य निश्चित हो तो उस सफलता को प्राप्त करने से आपको कोई नहीं रोक सकता । इस बात को महाविद्यालय के दोनो छात्र सैनिको के चयन ने सार्थक कर दिया यह शुभ समाचार प्राप्त होना तथा इस की अभिव्यक्ति को व्यक्त करना असंभव था ।जिस राजपथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह को देखकर हम उत्साहित हो जाते है।

26 जनवरी 2015 को महाविद्यालय के छात्र सैनिको ने उस मार्च पास्ट में सम्मिलित होकर लोकमान्य टिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय का नाम सुनहरें अक्षरो में अंकित कर दिया। छात्र सैनिको को हार्दिक शुभकामनाएँ।

26 जनवरी 2015 को ही उज्जैन में दशहरा मैदान पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में महाविद्यालय का दल भरत कुमार वासवानी के नेतृत्व में सम्मिलित हुआ और लगातार दूसरो बार 2013-14 एवं 2014-15 में द्वितीय स्थान पर रहा।

इस वर्ष राष्ट्रीय इंटीग्रेशन केम्प के लिये महाविद्यालय के पाँच छात्र सैनिको संदीप पांचाल, प्रशांत सिंह, शुभम गुप्ता राज प्रताप सिंह चौहान, एडविन डेनियल का चयन हुआ जिन्होंने 17 प्रदेश की सहभागिता में 08वाँ स्थान हमारे प्रदेश का रहा यह भी एक विशेष उपलब्धि रही।

उज्जैन में आयोजित सी.ए.टी.सी. (कम्वाईन एनुअल टेर्निंग केम्प ) में छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए फायरिंग में गीतांजली राणावत ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया इस वर्ष बी. तथा सी. सर्टिफिकेट परीक्षा में सभी 21 विद्यार्थियों का उत्तीर्ण होना उपलब्धि है।

इस वर्ष भारतीय थल सेना में छात्र सैनिक अमित यादव, राजपाल सिंह डोड़िया, राधेश्याम गुर्जर का चयन हुआ।

(सी.एस शर्मा

**12 सांख्यिकी व्याख्यान :-** वर्ष 2014 में महाविद्यालय में डॉ. इन्द्रेश मंगल प्राध्यापक माधव विज्ञान महाविद्यालय द्वारा सांख्यिकी विषय पर अतिथि व्याख्यान दिया गया जिसमें मंगल सर ने विद्यार्थियों को सांख्यिकी के संबधित बहुत ही उपयोगी एवं रोचक जानकारी प्रदान की । (आयोजन सहयोग : श्रीमती आराधना वैद्य ( सहा. प्रा. गणित संकाय)

लोकमान्य टिळक विज्ञान एवम् वाणिज्य महाविद्यालय की छात्रा कु. शालिनी वर्मा। वाणिज्य संकाय को कक्षा 12 वीं के उत्कृष्ट परिणाम 81.4% होने पर सेन्टर सेक्टर स्कॉलरशीप म.प्र. शासन भोपाल द्वारा प्रदत्त की गई।

# प्रतिवेदन 2015–16

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाविद्यालय का शैक्षणिक सत्र 2015–16 उत्साह और उपलब्धियों से भरा रहा। उच्च शिक्षा विभाग एवं विक्रम विश्व विद्यालय के दिशा निर्देश अनुसार प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाईन संपन्न हुई है। वर्तमान में महाविद्यालय में कुल संख्या 670 है। विगत शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यधिक अच्छा रहा है। विभिन्न कक्षाओं के परिक्षा परिणाम इस प्रकार है। M.Com.-100% , B.Com.98% , B,Sc. 96% साथ ही हमारे महाविद्यालय की M.Com. की छात्रा पूजा गेहेलोत ने विक्रम विश्व विद्यालय की प्राविण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। सत्र 2016–17 के लिए दो नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा चुकी है। आगामी सत्र में B.Com. (Honrs.) तथा Post Graduate Diploma in Yogic Science प्रारंभ करने के प्रयास किये जा रहे है। इस शैक्षणिक सत्र में वाणिज्य विभाग द्वारा Stock Exchange or Stock Market पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री विनोद काबरा जी ने छात्रों को सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक दोनों पक्षों की जानकारी दी।
इस वर्ष व्यवसायिक शिक्षण के क्षेत्र में महाविद्यालय को विशेष उपलब्धि प्राप्त हुई। हमारे महाविद्यालय में ICSI, Institute of Company Secreties of India के Study Centre का शुभारंभ हुआ है। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि C.S. Ashishji Garg, हमारे माननीय अध्यक्ष Dr. P.N. Tejankar एवं कार्यपालन अधिकारी श्री गिरिश जी भालेराव उपस्थित थे। Study Centre की नियमित गतिविधियां प्रारंभ हो चुकी है।

क्रीड़ा के क्षेत्र में भी महाविद्यालय का यह वर्ष विशेष उपलब्धियों भरा रहा है। कई खेल विधाओं में महाविद्यालय के छात्रों ने जिलास्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सहभागिता की एवं पुरस्कार अर्जित किए।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रविण हाड़ा , हिमालय सोनी ,अंकित यादव (सॉफ्ट बॉल), भरत यादव, सुरभि श्रीवास्तव (कुश्ती), दिपक गोयल, धनराज गोहर (भारतोलन), अब्दुल आवेश (शतरंज), गौरव सेन (क्रिकेट), अनिमेष प्रजापत (शरीर सौष्ठव), शिवम चतुर्वेदी (तैराकी) प्रतियोगियों ने सहभागिता कर पुरस्कार प्राप्त किया है।

अखिल भारतीय मलखम्भ में राष्ट्रीय टीम में अपने महाविद्यालय से दो छात्र – आदित्य एअरपुले (B.Sc. IV ) एवं मनीष पंवार (B.Com. II ) ने दलगत कांस्य पदक प्राप्त कर हमें गौरान्वित किया है। इस वर्ष महाविद्यालय द्वारा संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में तीन विधाएं साफ्ट बॉल, जिमनास्टिक एवं मलखम्भ की मेजवानी भी की गयी है।

महाविद्यालय में 10 एम पी बटालियन कार्यरत है। NCC विभाग के दिशा निर्देश अनुसार इसमें प्रतिवर्ष छात्रों की भर्ती की जाती है। इस वर्ष महाविद्यालय के प्लाटुन में 49 छात्र सैनिक एवं 4 छात्रा सैनिक है। NCC के केडेट ने कई राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय केम्पों में सहभागिता की तथा स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त किये। जिनमें – Raghvendra Singh

Devda ने All India Thal Sainik Camp में स्वर्ण पदक, Sheetal Dasora ने Firing Camp में स्वर्ण पदक एवं भरत वासवानी नें TSC Camp में Firing में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

NCC की B एवं C Certificate परीक्षा में क्रमशः 13 छात्र सम्मिलित हुए और इन्हें A एवं B Rank प्राप्त हुई है।

26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में मध्यप्रदेश शासन उज्जैन के कार्यक्रम में महाविद्यालय को लगातार तीसरी बार जिला स्तरीय परेड में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।

Army Attachment Camp में महाविद्यालय के 06 केडेट ने सहभागिता की एवं 2 छात्रों दिलीप पंवार B.Com. VI Sem & Ashish Chouhan B.Com. VI Sem को भारतीय थलसेना में स्थानीय कमीशन प्राप्त हुआ है।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी NSS की महाविद्यालय में नियमित गतिविधियां संचालित हुई है। 7 दिवसीय विशेष नेतृत्व परीक्षण शिविर का आयोजन रामकृष्ण आश्रम ग्राम डेडिया में सम्पन्न हुआ।

उच्चशिक्षा विभाग द्वारा आयोजित युवा उत्सव की गतिविधियां महाविद्यालय में सम्पन्न हुई। महाविद्यालय में विद्यार्थीयों द्वारा वाद–विवाद, रंगोली, मूकाभिनय, मिमिक्री आदि प्रतियोगिता में सहभागिता एवं जिला स्तर लघुनाटिका में भागीदारी करने हेतु गये।

जिला स्तरीय एकल नृत्य एवं समूह नृत्य के आयोजन का जिम्मा महाविद्यालय के पास था जो सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्टता सिद्ध करने की दृष्टि से निकट भविष्य में महाविद्यालय में National Academic Accrediation Council of India ( NAAC) द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा।

महाविद्यालय निरंतर यह प्रयास करता है कि शिक्षा खेल, NCC, NSS सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें । समय समय पर महाविद्यालय को प्राप्त होने वाली उपलब्धियां हमारे इस प्रयास का प्रमाण है। हमारी कोशिश रहेगी की भविष्य में और भी अच्छा प्रदर्शन कर शहर तथा प्रदेश में महाविद्यालय का नाम गौरान्वित करें।

छात्रों की सक्रिय सहभागिता तथा मेनेजमेंट और सभी शिक्षक साथियों से पूर्ववत् स्नेह, सहयोग एवं सदैव मार्गदर्शन मिलता रहेगा। ऐसी आशा ही नही सम्पूर्ण विश्वास है।

धन्यवाद

लोकमान्य टिळक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन

प्रतिवेदन सत्र –2016–17

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त एवं विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन से स्थाई संबंद्धता प्राप्त इस महाविद्यालय का सम्पूर्ण सत्र सफलता एवं उपलब्धियों से भरा रहा। म.प्र. शासन के उच्च शिक्षा विभाग एवं विक्रम विश्वविद्यालय के दिशा निर्देश अनुसार सत्र 2016–17 हेतु प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न हुई। महाविद्यालय में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार सम्बद्ध पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया संपन्न हुई। दोनों ही विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में कक्षावार प्रवेश की स्थिति इस प्रकार है।

Lokmanya Tilak Sc.& Commerce College Ujjain

List of Student Admited

| | I | II | III | Total |
|---|---|---|---|---|
| B.Com. C.A. I | 92 | 65 | 64 | 221 |
| B.Com. Plain I | 39 | 34 | 22 | 95 |
| B.Com. Tax I | 12 | 5 | 6 | 23 |
| B.Sc. C.S. I | 50 | 30 | 27 | 107 |
| B.Sc. M.B. I | 32 | 8 | 6 | 46 |
| B.Sc. Plain I | 16 | 8 | 2 | 26 |
| B.B.A. | 12 | 7 | 5 | 24 |
| B.C.A. | 33 | 33 | 30 | 96 |
| PGDCA | 6 | – | – | 6 |
| DCA | 25 | – | – | 25 |
| M.Sc. I | 3 | 5 | – | 8 |
| M.Sc. LE | – | 5 | – | 5 |
| M.Com.I | 29 | 18 | – | 47 |
| Yog | 30 | – | – | 30 |
| Total | 379 | 218 | 162 | 759 |

## लोकमान्य टिळक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय

### परीक्षा परिणाम 2015–16

| क्र | कक्षा | कुल छात्र | सम्मिलित | उत्तीर्ण | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | उत्तीर्ण प्रतिषत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B.Com | 65 | 65 | 65 | 38 | 26 | 01 | 100% |
| 2 | B.B.A | 02 | 02 | 02 | 02 | – | – | 100% |
| 3 | B.Sc. | 73 | 49 | 47 | 35 | 12 | – | 96% |
| 4 | B.C.A. | 25 | 25 | 25 | 14 | 11 | – | 100% |
| 5 | M.Sc. | 21 | 21 | 21 | 16 | 05 | – | 100% |
| 6 | PGDCA | 12 | 12 | 12 | 09 | 03 | – | 100% |
| 7 | DCA | 35 | 35 | 35 | 20 | 15 | – | 100% |
| 8 | M.Com. | 14 | 14 | 14 | 07 | 07 | – | 100% |
| 9 | | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | | |

# प्रतिवेदन 2016–17

"याद करो कुर्बानी" कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में 10 अगस्त 2016 को विद्यार्थियों के लिए एक प्रदर्शनी एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में क्रांतिकारी स्मरण समिति के श्री अभयजी मराठे एवं श्री विजयजी अग्रवाल ने देश के क्रांतिकारियों की जन्मतिथि, बलिदान दिवस और उनके द्वारा देश के लिए किये गये कार्यो की जानकारी प्रदान की तथा कहा कि आज हम उन्मुक्त होकर केवल इसीलिए विचरण कर पा रहे है क्योंकि इन शहीदों ने व्यक्तिगत सुख एवं आकांक्षाओं की तिलांजली दी थी।

- "याद करो कुर्बानी" कार्यक्रम के अंतर्गत 23 अगस्त 2016 को महाविद्यालय परिवार द्वारा "सामूहिक राष्ट्रगान" का आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों द्वारा वीर सैनिकों को पत्र लिखकर शुभकामना संदेश भेजे गये।
- 27 अगस्त 2016 को "याद करो कुर्बानी" के तत्वाधान में पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम में समाजसेवक माननीय श्री अरूणजी जैन तथा दैनिक स्वदेश के सम्पादक श्री ललितजी ज्वेल उपस्थित थे। लोकमान्य टिळक सांस्कृतिक न्यास एवं समिति के अध्यक्ष डॉ. पी.एन. तेजनकरजी एवं कार्यकारी न्यासी श्री गिरीशजी भालेराव भी उपस्थित थे। डॉ. तेजनकर ने दैनिक स्वदेश की स्वर्ण जयंति यात्रा पूर्ण होने पर सभी को साधुवाद दिया और कहा कि समाचार पत्र को पढ़ने से राष्ट्रीय वैचारिक दृढ़ता प्रतिदिन पुष्ट होती है। श्री गिरीशजी भालेराव ने विद्यार्थियों के द्वारा किये गये पौधारोपण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इनके रखरखाव एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी भी पूर्ण करना।
- ग्रंथालय के जनक श्री एस.आर. रंगनाथन का जन्मदिवस 12 अगस्त 2016 को लोकमान्य टिळक महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्रंथालय विज्ञान अध्ययनशाला की विभागाध्यक्ष डॉ. सोनल सिंह ने कहा कि किसी भी संस्था का ग्रंथालय वहां की वैचारिक समृद्धि तथा शैक्षणिक दृष्टि की ओर संकेत करता है जितना समृद्ध पुस्तकालय होगा, उतना ही पाठकों को भी लाभ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकमान्य टिळक सांस्कृतिक न्यास के कार्यपालन अधिकारी श्री गिरीशजी भालेराव ने की।

- लोकमान्य टिळक शिक्षा महाविद्यालय एवं लोकमान्य टिळक वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस को समारोह के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर लोकमान्य टिळक सांस्कृतिक न्यास के सदस्य श्री ओमप्रकाशजी अग्रवाल प्राचार्य द्वय डॉ. प्रेम छाबड़ा व गोविन्द गन्धे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान किया गया एवं एन.सी. सी. के केडेट्स के द्वारा ध्वज को सलामी दी गई।
- विवेकानंद केन्द्र परीक्षा में महाविद्यालय के 30 छात्रों ने सहभागिता की एवं भारतीय संस्कृति एवं साहित्य से संबंधित प्रश्नों के सफलतापूर्वक उत्तर दिये।

14 सितम्बर 2016 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में लोकमान्य टिळक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में साहित्य अकादमी एवं मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा शरद जोशी स्मृति समारोह का दो दिवसीय आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता श्री दिवाकर नातू उज्जैन प्राधिकरण अध्यक्ष ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मोहन गुप्त–पूर्व कुलपति–पाणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय उज्जैन थे साथ ही मंच पर साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. उमेशकुमार सिंह एवं लोकमान्य टिळक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गोविन्द गन्धेजी उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र के पश्चात् अंतर महाविद्यालयीन एवं विद्यालयीन निबंध प्रतियोगिता का विषय हिंदी कल आज और कल था। द्वितीय सत्र के अंतर्गत रचनापाठ का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मालवी के प्रसिद्ध कवि डॉ. शिव चौरसिया ने की। रचनाकारों में मुख्य रूप से डॉ. शशिमोहन श्रीवास्तव, श्री मोहन सोनी, श्री हेमन्त श्रीमाल, श्रीमती अरूणेश्वरी गौतम एवं श्री सूरज नागर उपस्थित थे।

15 सितम्बर 2016 को शरद जोशी स्मृति समारोह के दूसरे दिन विमर्श सत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आर.वी. पाण्डा कुलपति पाणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय उज्जैन, सारस्वत अतिथि डॉ. बालकृष्ण शर्मा,–निदेशक प्राच्य विद्या शोध संस्थान उज्जैन, मुख्य वक्ता डॉ. श्रीकांतजी चिंतक एवं विचारक एवं विशिष्ट अतिथि श्री गिरीशजी भालेराव मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकमान्य टिळक सांस्कृतिक न्यास थे।

विमर्श सत्र का विषय "हिन्दी कल आज और कल"के अंतर्गत डॉ. पिलकेन्द्र अरोरा श्री हरीश कुमार सिंह, डॉ. प्रतिष्ठा शर्मा और डॉ. क्षमा सिसोदिया ने अपने अपने विचारों से श्रोताओं का अवगत कराया। इसके पश्चात् पुरस्कार वितरण

समारोह का आयोजन किया गया। जिसके परिणाम महाविद्यालय स्तर एवं विद्यालयीन स्तर पर दिये गये।

यातायात विभाग के वरिष्ठ ट्राफिक इंस्पेक्टर श्री रामराज मिश्र ने यातायात के नियमों के प्रति छात्रों को जागरूक किया। तथा वाहन चालन में सुरक्षा के उपाय बताये।

उच्च शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय वाद–विवाद वक्तृत्व प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में 12 कॉलेजों के दल ने हिस्सा लिया और अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्तृत्व प्रतियोगिता का विषय मेक इन इंडिया की अवधारणा रखा गया। इसके विद्यार्थियों ने भारत की अर्थव्यवस्था को आवश्यक बताते हुए नए रोजगार और देश में उत्पादन व निर्माण बढ़ाने की बात कही। इसी के साथ वाद–विवाद प्रतियोगिता का विषय तकनीकी शिक्षा की वकालत की एवं शिक्षा को समान तवज्जो का आधार बताया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री प्रशांत जी पुराणिक समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना विक्रम विश्वविद्यालय, श्री अशोक जी कड़ेल संयोजक शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने की। निर्णायक के रूप में डॉ. पीयूष त्रिपाठी, श्री गोपाल सिंह, श्री धर्मेन्द्र मालवीय, श्री क्षमा सिसोदिया उपस्थित रहे।

दिनांक (29/09/2016) को जिला स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत एकल एवं समूह नृत्य स्पर्धा का आयोजन महाविद्यालय द्वारा कराया गया।इसमें जिले के 8 से अधिक कॉलेजों के लगभग 100 विद्यार्थी, प्रोफेसर्स, संगतकार व अन्य सहकर्मियों ने भागीदारी की। एकल नृत्य में शहर की उर्वशी खत्री (जी.डी.सी.) कॉलेज और समूह नृत्य में नागदा के शेषशायी कॉलेज प्रथम रही। प्रतिभागी छात्राओं ने ही लोकमान्य टिळक समिति के कार्यपालन अधिकारी गिरीश जी भालेराव और प्राचार्य की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर युवा उत्सव का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में निर्णायक राज श्री पुराणिक, अंजना चौहान व तरूणा सिंह थी। संचालन डॉ. अनिता अग्रवाल ने किया।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों का राज्यस्तरीय स्पर्धा में चयन हुआ। इसमें शतरंज स्पर्धा में अब्दुल आवेश व प्राची पोरवाल चुने गये टेबल टेनिस में सचिन शाह एवं देवांशी सिसोदिया का चयन हुआ। बैड्मिंटन में निहारिका जैन व बास्केटवाल में प्रश्मा राजावत का चयन हुआ। प्राचार्य डॉ. गोविन्द जी गन्धे ने बधाई दी।

दैनिक स्वदेश के स्वर्ण जयंती वर्ष पर महाविद्यालय में दिनांक 26/0९/2016 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थियों ने जिला रेडक्रास सोसायटी की भागीदारी में रक्तदान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशहित में रक्तदान करते रहने का संकल्प लिया एवं दैनिक स्वदेश की स्वर्ण जयंती यात्रा को लेकर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री संकेत भोंडवे एवं राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के मालवा प्रांत के दायित्ववान विजय केवलिया थे। अध्यक्षता लोकमान्य टिळक शिक्षण समिति एवं सास्कृतिक न्यास के अध्यक्ष डॉ. पी. एन. तेजनकर जी ने की। विशिष्ट अतिथि समिति एवं न्यास के कार्यपालन अधिकारी गिरीश जी भालेराव थे। शिक्षाविद् सतीश शर्मा, डॉ. अरूणा व्यास, डॉ. सी.एम.पुराणिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की रचना जिला ब्यूरो ललित ज्वेल ने प्रस्तुत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री भोंडवे ने कहा कि रक्तदान महादान है, मनुष्य को मनुष्य के प्रति संवेदना एवं स्नेह को जगाने का काम भी रक्तदान करता है। हमारे एक यूनिट रक्त से एक जान बचाई जा सकती है, यह मानकर इस पुनिनी कार्य को करना चाहिए। श्री केवलिया जी ने कहा कि दैनिक स्वदेश आज भी राष्ट्रीय विचार धारा का पोषण कर रहा है। 50 वर्ष की यह यात्रा आगे भी सतत् जारी रहेगी। डॉ. तेजनकर जी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

- महाविद्यालय में राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार एवं साहित्य परिषद् के जिला अध्यक्ष श्री परमानंदजी शर्मा आमंत्रित थे। आप ने कहा कि मातृभाषा का प्रयोग करने से व्यक्ति में आत्मविश्वास जाग्रत होता है साथ ही यह भाषा जीवन जीने की कला भी सिखाती है। श्री शर्मा जी ने महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को अभिनव प्रयोग बताया और कहा कि भाषा के विविध पक्षों पर कार्य करने की आज आवश्यकता है। यह प्रयोग अन्य संस्थाओं को भी कराना चाहिए।

- महाविद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों ने अपनी–अपनी मातृभाषा में प्रयुक्त होने वाले मुहावरों एवं लोकोक्तियों को प्रसंगों एवं घटनाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया। यहां मुहावरों एवं लोकोक्तियों का प्रयोग मराठी, गुजराती, राजस्थानी, मालवी एवं हिन्दी आदि भाषाओं पर प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य ने कहा कि मुहावरों और लोकोक्तियाँ जीवन के दीर्घ अनुभवों का सार है। हमारे बड़े बुजुर्गो ने इस अनुभव को संकेतात्मक रूप में हमें दिया है। इस धरोहर को संभालना और आगे की पीढ़ी को हस्तांतरित करना हम सब की जिम्मेदारी है।

- महाविद्यालय में डिजिटल इंडिया पर व्याख्यान आयोजित किया इसमें मुख्य अतिथि एस.बी.आई फ्रीगंज शाखा के प्रबंधक श्री वीरेन्द्र जी खरे थे। आपने बताया कि डिजिटल इंडिया का उद्वेश्य जनता को सशक्त करना है, डिजिटल लेनदेनों से वित्तीय मितव्ययिता एवं सुविधा बढ़ जाती है। ई बालेट, शीम, पेटीएम आदि के फलस्वरूप लेनदेनों को सरलता, शीघ्रतापूर्वक किया जा सकता है। लेकिन वित्तीय लेनदेनों में गोपनीयता बरतना भी जरूरी है। जैसे पासवर्ड, पिन नं. आदि की जानकारी गुप्त रखना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, प्राध्यापक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम की भूमिका रासेयो अधिकारी डॉ. ममता त्रिवेदी ने रखी।
- विज्ञान विषय की प्रायोगिक एवं उपयोगिता बताने हेतु विज्ञान के प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को दिनांक 02/02/2017 को Study Tour हेतु Visit के लिए सांची दुग्ध संघ ले जाया गया। करीब 28 विद्यार्थी Visit हेतु सांची दुग्ध संघ गये जहां उन्हें इकाई प्रबंधक श्री आशीष सोनी द्वारा बताया गया कि कैसे विभिन्न स्थानों से दूध मंगवाकर उसे बड़े–बड़े टेंकों में संग्रहित किया जाता है। उसके पश्चात् दूध की गुणवत्ता जांचने के लिए दूध का परीक्षण किया जाता है। इसके पश्चात् दूध को कीटाणु रहित बनाने के लिए दूध को 141°C पर गरम किया जाता है एवं तत्काल दूध को ठंडा किया जाता है इस प्रक्रिया को पाश्चुरीकरण कहते है इसके पश्चात् दूध की पेकेजिंग की जाती है। Flavoured Milk बनाया जाता है। जिसका प्रयोग 6 माह तक भी उपयोग में लाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न दुग्ध उत्पादों जैसे –मक्खन, घी, पनीर, मावा आदि के निर्माण की प्रक्रिया से भी अवगत कराया।
- विज्ञान के क्षेत्र में सृजनात्मकता एवं नवाचार का विकास करने एवं विज्ञान के प्रति रूचि जाग्रत करने के उद्वेश्य से महाविद्यालय में 28/02/2017 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत विज्ञान के समस्त विषयों जैसे जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन शास्त्र, गणित एवं कम्प्यूटर विषय का समावेश किया गया। प्रदर्शनी में लगभग 80 विद्यार्थियों द्वारा चार्टस एवं मॉडल प्रस्तुत किये गये। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रसिद्ध भू वैज्ञानिक डॉ. के. एन. सिंह आचार्य एवं अध्यक्ष भू गर्भ अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन ने किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते

हुए उन्होंने कहा कि कल्पना, चिन्तन नवाचार का जन्म देती है। इस अवसर पर संस्था के सचिव श्री भरत व्यास जी ने कहा कि नवाचार के लिए संसाधनों की आवश्यकता नही, प्रतिभा आवश्यक है। सीमित एवं कम खर्चीले संसाधनों से भी नवाचार संभव है। इस अवसर पर कार्यपालन अधिकारी श्री गिरीश जी भालेराव उपस्थित थे। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के प्राध्यापकों द्वारा दिया गया।

- लोकमान्य टिळक महाविद्यालय की एन.सी.सी. विंग में 40 सैनिकों की प्लाटून है जिसमें छात्र–छात्राएं सम्मिलित है। इस वर्ष महाविद्यालय की एन.सी.सी इकाई ने विभिन्न विद्याओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किए जिनकी जानकारी निम्नानुसार है।
- N.C.C. इकाई का यह सत्र उज्जैन में आयोजित होने वाले महाकुंभ सिंहस्थ की तैयारियों से प्रारंभ होता है। 24 मार्च से 28 मार्च तक पुण्य सलिला मोक्षदायिनी माँ शिप्रा के पावन तटों की स्वच्छता इस शिप्रा शुद्धिकरण में महाविद्यालय के 29 छात्र/छात्राओं ने केडेट यशवंत सिंह तंवर के नेतृत्व में अपना योगदान दिया।
- दिनांक 20 अप्रैल से 29 अप्रैल 2016 तक आयोजित सिंहस्थ सेवा दल के 10 दिवसीय केम्प का शुभारंभ हुआ इस केम्प में महाविद्यालय के 10 छात्र–छात्राओं ने अंडर आफीसर यशवंत सिंह तंवर ने इन्दौर उज्जैन मार्ग महामृत्युंजय द्वार पर 120 छात्र केडेटों का नेतृत्व करते हुए भीड़ नियंत्रण, यात्रियों को जल व्यवस्था, मार्ग की जानकारी, आकस्मिक चिकित्सा की व्यवस्था का यात्रियों को लाभ पहुंचाया।

  सिंहस्थ सेवा दल के सिंहस्थ माह के चारो केम्पों में महाविद्यालय के छात्र सैनिकों की सहभागिता सराहनीय रही।

  यशवंत सिंह तंवर, गौरवसिंह देवड़ा, गौरव नागर, महेन्द्र सिंह पंवार, ऋतुराज सिंह चंद्रावत, राहुल शर्मा, आशीष मीणा, राजप्रजापति, शुभम गुप्ता, दिव्या राठौर, वैशाली शर्मा, आस्था शर्मा आदि छात्र सैनिकों की सराहनीय भूमिका रही।
- 12 जून से 30 जून तक इन्टर बटालियन फायरिंग काम्पीटीशन जो कि इन्दौर तथा जबलपुर में आयोजित हुई जिसमें महाविद्यालय के केडेट महेन्द्र सिंह पंवार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

- 21 जून 2016 को योग दिवस पर महाविद्यालय के 35 छात्र–छात्राओं ने महानंदानगर ग्राउंड पर सीनियर अण्डर ऑफीसर भरत कुमार वासवानी के नेतृत्व में योगदान किया।
- 17 जुलाई 2016 को "मेरी पृथ्वी मेरा दायित्व" दिवस के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता में बटालियन स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह स्थान छात्रा दिव्या राठौर को प्राप्त हुआ।
- 15 अगस्त 2016 को स्वतंत्रता दिवस समारोह पर भरत कुमार वासवानी, यशवंत सिंह तंवर, गौरव सिंह देवड़ा, आशीष मीणा, गौरव नागर अन्य छात्र उपस्थित थे।
- 22 सितम्बर से 29 सितम्बर तक इन्टर ग्रुप फुटबाल चेम्पियनशिप का आयोजन महु में हुआ इस केम्प में महाविद्यालय के छात्र सैनिक यशवंत सिंह तंवर , गौरव सिंह देवड़ा ने सहभागिता की।
- 31 मई 2016 को धुम्रपान निषेध दिवस के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता में देवांशी सिसोदिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- 12 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक CATC (Combined Annual Training Camp) Ujjain में आयोजित हुआ इस जिला स्तरीय केम्प में आयोजित मार्च पास्ट प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 8 छात्र सैनिक सम्मिलित हुए, दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दल का नेतृत्व केडेट कमलसिंह परिहार ने किया।
- म्हाविद्यालय में रक्तदान केम्प का आयोजन किया गया। इस महादान में भी महाविद्यालय के छात्र सैनिकों ने अपनी उपस्थिति का सार्थक किया।
- 26 जनवरी गणतंत्र दिवस 2017 को महाविद्यालय की N.C.C. इकाई के छात्र सैनिकों ने अपनी कर्मठता, एकाग्रता और लक्ष्य निर्धारण करते हुए संभाग स्तरीय कार्यक्रम दशहरा मैदान पर वह उपलब्धि प्राप्त की जो कि संभाग स्तर पर एक रिकार्ड है।

"महाविद्यालय के छात्र सैनिको ने 2014–2015,2016 की मार्च पास्ट में द्वितीय प्राप्त किया"

सभी छात्र सैनिकों को शुभकामनाएं।

- इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्नो स्कींग केम्प 16 मार्च से 30 मार्च तक गुलमर्ग कश्मीर में आयोजित हो रहा है। इस केम्प में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश+छत्तीसगढ़ से 4 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। 4 छात्र सैनिकों में एक छात्र 500 यशवंत सिंह तंवर है यह छात्र सैनिक एवं महाविद्यालय की गौरवपूर्ण उपलब्धि है।
- इस वर्ष की आयोजित B तथा C सर्टिफीकेट परीक्षा में 17 छात्र छात्राएं सहभागिता कर रहे है। सभी को शुभकामनाएं।

  महाविद्यालय N.C.C.के छात्र सैनिक राकेश राठौर का चयन सब इंस्पेक्टर पद भोपाल में हुआ है महाविद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं।